पाक्षिक

खबर आस पास
RNI REGISTERED

खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : शनिवार 05 सितम्बर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

श्रीनगर एयरपोर्ट पर पार्किंग के दौरान खंभे से टकराया इंडिगो विमान

मृदुल पत्रिका

श्रीनगर। श्रीनगर एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह इंडिगो का विमान पार्किंग के दौरान खंभे से टकरा गया। हादसा बे नंबर-6 पर विमान को पार्क करते समय हुआ। विमान में सवार सभी 200 यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान नवी मुंबई से श्रीनगर पहुंचा था। पार्किंग के दौरान विमान का अगला हिस्सा विजुअल डॉकिंग गाइडेंस सिस्टम (वीडीजीएस) के खंभे से टकरा गया, जिससे नोज में नुकसान हुआ। यात्रियों और चालक दल को सीढ़ियों की मदद से सुरक्षित उतारा गया।

घटना की जांच शुरू

हादसे के बाद विमान की तकनीकी जांच की जा रही है। टक्कर की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। जांच में विमान की पार्किंग प्रक्रिया, डॉकिंग सिस्टम और अन्य तकनीकी पहलुओं को देखा जाएगा। श्रीनगर एयरपोर्ट का संचालन सामान्य है।

प्रदेश में फिर सक्रिय हुआ मानसून

झालावाड़ में कालीसिंध-छापी बांध के पांच गेट खोले

सवाई माधोपुर में जलभराव; जयपुर समेत कई जिलों में बारिश से तापमान गिरा, 6 सितंबर तक मौसम बदलने के आसार

मृदुल पत्रिका

जयपुर। बंगाल की खाड़ी में बने नए मौसम तंत्र के असर से राजस्थान में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। शुक्रवार को दौसा, सवाई माधोपुर, झालावाड़ और जयपुर समेत कई जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने 24 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

बांधों से पानी की निकासी

झालावाड़ में करीब तीन घंटे की तेज बारिश के बाद कालीसिंध बांध का एक और छापी बांध के चार गेट खोलकर पानी की निकासी की गई। चित्तौड़गढ़ के राणा प्रताप सागर बांध के जलग्रहण क्षेत्र में 24 घंटे में 23.60 मिमी बारिश दर्ज हुई और पानी की आवक जारी रही।

सवाई माधोपुर में जलभराव

बारिश के बाद सवाई माधोपुर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। मानपुर में सड़कों पर दो से तीन फीट तक पानी भर गया। रणथंभौर के शेरपुर-खिलचीपुर मार्ग की रपट पर पानी आने से यातायात रोकना पड़ा। जंगल क्षेत्र में बारिश के बाद झरने भी बहने लगे।

तापमान में गिरावट

बारिश और बादल छाने से पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में करीब 6 डिग्री तक गिरावट दर्ज हुई। कोटा में अधिकतम तापमान 27.9 डिग्री और श्रीगंगानगर में 39.9 डिग्री रहा। जयपुर में टोंक रोड, बजाज नगर और मानसरोवर समेत कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार बारिश का दौर 6 सितंबर तक जारी रह सकता है। पिछले 24 घंटे में भरतपुर, अलवर, धौलपुर, सवाई माधोपुर और करौली में तेज बारिश हुई। भरतपुर के उच्चैन में सर्वाधिक 54 मिमी बारिश दर्ज की गई।

यूपी में बाढ़ से 23 जिले प्रभावित, 16 हजार से अधिक का रेस्क्यू

मृदुल पत्रिका

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में लगातार बारिश के चलते बाढ़ और जलभराव के हालात बने हुए हैं। उत्तर प्रदेश के 23 जिले प्रभावित हैं, जबकि अब तक 16 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। बिहार, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में भी बारिश और बाढ़ से हालात चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं।

बिहार में पांच लाख लोग प्रभावित

बिहार के 16 जिलों में करीब पांच लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। गंगा समेत आठ प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पटना में गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण सुरक्षा दीवार के सभी 108 रास्ते बंद कर दिए गए हैं।

मध्य प्रदेश में नदियां उफान पर

मध्य प्रदेश में मंदाकिनी और नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। छतरपुर, सतना, मंडला और मैहर समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति है। कुटनी और बरगी बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

नौ दिन सुरंग में गूंजता रहा 'हरे कृष्णा', जन्माष्टमी पर मिला जीवनदान

त्रिशूली जलविद्युत परियोजना की सुरंग से दो मजदूर सुरक्षित निकले; संजय साह ने बताया– सभी को बचाने की कोशिश में खुद अंदर फंस गया

मृदुल पत्रिका

काठमांडू। नेपाल के त्रिशूली क्षेत्र में जलविद्युत परियोजना की सुरंग में नौ दिन से फंसे दो मजदूरों को शुक्रवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दोनों 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ के बाद सुरंग में फंस गए थे। बचाए गए मजदूरों में सप्तरी जिले के 30 वर्षीय संजय साह भी शामिल हैं।

नौ दिन तक जाप करते रहे 'हरे कृष्णा'

सुरंग से बाहर निकलने के बाद संजय साह ने सुरक्षाकर्मियों को बताया कि उन्होंने पूरे नौ दिन 'हरे कृष्णा महामंत्र' का जाप करते हुए बिताए। उन्हें भरोसा था कि बचाव दल उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लेगा। संयोग से संजय को जन्माष्टमी के दिन ही सुरंग से बाहर निकाला गया। बाहर आने के बाद उनकी हालत स्थिर बताई गई। उन्हें त्रिशूली के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दूसरों को बचाने में खुद रह गए पीछे

नेपाल विद्युत प्राधिकरण के कर्मचारी संजय साह परियोजना में फोरमैन के तौर पर कार्यरत थे। उन्होंने बताया कि बाढ़ आने के बाद उन्होंने सभी लोगों से बाहर निकलने को कहा, लेकिन सभी के सुरक्षित निकलने तक उनके लिए बाहर जाने में देर हो चुकी थी। संजय ने आशंका जताई कि सुरंग के और भीतर तथा बिजलीघर के आसपास अन्य लोग भी फंसे हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि संभव है कि सभी लोग समय रहते बाहर न निकल पाए हों।

दूसरे मजदूर को काठमांडू भेजा

सुरंग से बचाए गए दूसरे मजदूर की पहचान 45 वर्षीय कबीर महर्जन के रूप में हुई है। स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के चलते उन्हें हवाई मार्ग से काठमांडू स्थित नेपाल सेना अस्पताल ले जाया गया।नेपाल सेना के नेतृत्व में सुरक्षा बल विशेष उपकरणों की मदद से सुरंग में तलाश और बचाव अभियान चला रहे हैं। अन्य संभावित फंसे मजदूरों की तलाश जारी है।

थानों में सड़ रहे जब्त वाहन, समय पर मालिकों को सौंपें

सुप्रीम कोर्ट का आदेश–अंतरिम कस्टडी की अर्जी पर अदालतें तेजी से करें फैसला, फोटो–वीडियो से सुरक्षित रखें साक्ष्य

मृदुल पत्रिका

नई दिल्ली। पुलिस थानों में जब्त वाहनों को लंबे समय तक खड़ा रखने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि वाहनों को जर्जर होने से बचाने के लिए उन्हें समय रहते उनके मालिकों को अंतरिम कस्टडी में सौंप दिया जाए। वाहन थानों के बाहर जगह घेरते हैं और लंबे समय तक खड़े रहने से उनके कल-पुर्जे भी खराब या गायब हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वाहन मालिक की ओर से अंतरिम कस्टडी की अर्जी दाखिल होने पर अदालतों को शर्तों के साथ उस पर तेजी से फैसला करना चाहिए। थानों में वाहनों को खड़ा रखने से किसी उद्देश्य की पूर्ति नहीं होती।जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्र और जस्टिस चंद्रशेखर की पीठ ने शराब के अवैध कारोबार में इस्तेमाल किए गए एक ट्रक को अंतरिम कस्टडी में सौंपने के आदेश के दौरान यह टिप्पणी की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मुकदमे की सुनवाई के दौरान जब्त वाहन के संबंध में अदालत को जानकारी की जरूरत पड़ सकती है। ऐसे में वाहन को थाने में खड़ा रखने के बजाय उसके साक्ष्य सुरक्षित किए जाएं।

पति और परिजनों पर मारपीट का आरोप

आदिवासी महिला को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया, बाल काटे

वीडियो सामने आने के बाद पुलिस सक्रिय; पति समेत सात लोग हिरासत में

मृदुल पत्रिका

बांसवाड़ा। जिले में एक आदिवासी महिला को कथित तौर पर निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने, उसके बाल काटने और लाठियों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति समेत सात लोगों को हिरासत में लिया है। महिला की शिकायत पर पति सहित 10 लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया गया है। घटना 1 सितंबर की शाम की बताई जा रही है। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया। वीडियो में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला के आसपास दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि भीड़ के बीच महिला को लाठियों से पीटा गया और उसके बाल काटे गए।

वीडियो में नजर आ रहे आरोपियों की तलाश

पुलिस ने पति समेत सात लोगों को हिरासत में लिया है। वीडियो में दिखाई दे रही अन्य महिलाओं और आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने इसके लिए अलग-अलग टीमें गठित की हैं। गढ़ी डीएसपी बाबूलाल ने बताया कि पुलिस घटना के पीछे की पूरी वजह की जांच कर रही है। महिला फिलहाल अपने पिता के पास है।

पहले नंगे पैर चलाया, फिर की मारपीट

पुलिस के अनुसार महिला को पहले नंगे पैर सड़क पर चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां मौजूद थे। भीड़ में कुछ लोग महिला को पीटने और उसके बाल काटने की बात कहते दिखाई दिए। इसी दौरान कई लोगों ने घटना का वीडियो भी बनाया। आरोप है कि पति की मौजूदगी में महिला के बाल काटे गए। इसके बाद भीड़ में शामिल महिलाओं ने उसके साथ मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए। महिला ने खुद को बचाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ में शामिल महिलाएं उसे पीटती रहीं। आरोप है कि उसके कपड़े पूरी तरह फाड़ दिए गए और उसे निर्वस्त्र अवस्था में गांव में घुमाया गया। घटना के बाद पीड़िता थाने पहुंची और पति सहित परिवार की अन्य महिलाओं के खिलाफ मारपीट तथा अभद्रता की शिकायत दी।

मुख्यमंत्री के दौरे से पहले इस्कॉन मंदिर में आग

प्रसाद बनाते समय सिलेंडर में लगी आग

मृदुल पत्रिका

जयपुर। जन्माष्टमी के मौके पर शुक्रवार दोपहर मुहाना स्थित इस्कॉन मंदिर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। मंदिर परिसर में प्रसाद बनाने के लिए भट्टी जलाते समय गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग की लपटें वीआईपी पंडाल तक पहुंच गईं।

कॉन्स्टेबल ने जोखिम उठाकर बचाई जान

आग फैलती देख मौके पर मौजूद एक कॉन्स्टेबल ने साहस दिखाया और जलते हुए सिलेंडर को मंदिर परिसर से बाहर फेंक दिया। इससे आग के और फैलने का खतरा टल गया। घटना के दौरान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, जिससे कुछ देर के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई।

जंतर-मंतर प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता नीशू आजाद के पिता से मारपीट का मामला

थाने पहुंची सीजेपी, 3 घंटे चला प्रदर्शन

पुलिस का आश्वासन– एससी-एसटी एक्ट में कार्रवाई, 72 घंटे में आरोपी की गिरफ्तारी

मृदुल पत्रिका

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) कार्यकर्ता नीशू आजाद के पिता संजय के साथ मारपीट के मामले में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को संसद मार्ग थाने पर प्रदर्शन किया। सीजेपी ने आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। पुलिस और पार्टी प्रतिनिधियों के बीच करीब तीन घंटे तक बैठक चली।

72 घंटे में गिरफ्तारी का आश्वासन

पुलिस ने सीजेपी प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि आरोपी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी और 72 घंटे के भीतर उसकी गिरफ्तारी की जाएगी। नीशू आजाद का आरोप है कि 23 जून को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान उनके पिता संजय के साथ मारपीट की गई थी।

पॉडकास्ट वीडियो को लेकर उठे सवाल

इसी बीच स्वतंत्र भारद्वाज का एक पॉडकास्ट वीडियो सामने आया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में वह संजय पर हमला करने की बात स्वीकार करता नजर आ रहा है। हालांकि, उसका कहना है कि उसने हमला आत्मरक्षा में किया था। सीजेपी नेता सौरव दास ने सवाल उठाया कि जब आरोपी स्वयं हमले की बात स्वीकार कर रहा है तो पुलिस की ओर से अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

एडवांस राशि और मकान खाली करने को लेकर हुआ विवाद

मकान मालिक की हत्या कर रिश्तेदार के घर छिपा था किराएदार

जूनियर अकाउंटेंट ने 4 किलो की सीमेंट ईंट सिर पर मारकर की हत्या

मृदुल पत्रिका

जयपुर। मानसरोवर के रजत पथ में मकान मालिक की हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार दोपहर किराएदार जूनियर अकाउंटेंट महेश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। हत्या के बाद आरोपी रिश्तेदार के घर जाकर छिप गया था। पुलिस ने उसे वहीं से पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वारदात के बाद वह डरकर भाग गया था। पुलिस के अनुसार रजत पथ निवासी दीपक कुलश्रेष्ठ (54) की गुरुवार शाम हत्या हुई थी। जांच में सामने आया कि किराए के एडवांस रुपए लौटाने और मकान खाली करने को लेकर दीपक और महेश के बीच विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर गुस्से में महेश ने करीब चार किलो वजनी सीमेंट की ईंट दीपक के सिर पर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से दीपक लहूलुहान होकर फर्श पर गिर पड़े और उनकी मौत हो गई।

तीन साल से बहन के साथ रह रहा था

डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि दीपक कुलश्रेष्ठ पत्नी से तलाक के बाद अपनी मां के साथ रहते थे। वे गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में सलाहकार के तौर पर काम करते थे।

दीपक के रजत पथ में दो मकान हैं। एक मकान में वे स्वयं रहते थे, जबकि दूसरा मकान करीब 400 मीटर दूर है। यह मकान हाउसिंग बोर्ड में कनिष्ठ लेखाकार महेश शर्मा को किराए पर दिया गया था। मकान किराए पर देने से पहले उसका अनुबंध और पुलिस सत्यापन कराया गया था। महेश पिछले करीब तीन वर्षों से अपनी बहन के साथ इस मकान में रह रहा था। पुलिस अब हत्या की पूरी परिस्थितियों और विवाद के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

बाघ के हमले के बाद तीन वनकर्मी एपीओ

रेंज अधिकारी समेत दो कर्मचारी हटाए गए, नाहरगढ़ जैविक उद्यान में महिला मजदूर की मौत के बाद वन विभाग की कार्रवाई

मृदुल पत्रिका

जयपुर। नाहरगढ़ जैविक उद्यान में बाघ के हमले में महिला मजदूर की मौत के एक दिन बाद वन विभाग ने रेंज अधिकारी गौरव कुमार, सहायक वनपाल प्रदीप कुमार और एनक्लोजर प्रभारी सोनू मीणा को एपीओ कर दिया। रेंज अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार जोगेंद्र सिंह शेखावत को सौंपा गया है। सहायक वनपाल की जिम्मेदारी राजाराम और एनक्लोजर प्रभारी का कार्य सीताराम को दिया गया है।

जांच के आधार पर आगे कार्रवाई संभव

2 सितंबर को एनक्लोजर में घास की सफाई के दौरान बाघ ने महिला मजदूर पर हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। वन विभाग ने प्रारंभिक कार्रवाई के तहत तीन कर्मचारियों को एपीओ किया है। मामले की जांच जारी है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जा सकती है।

इसरो ने ईओएस-05 को जीएसएलवी-एफ17 से किया लॉन्च

36 हजार किमी ऊंचाई से निगरानी करेगा भारत का नया उपग्रह

बड़े इलाकों की लगातार तस्वीरों से सीमा निगरानी और आपदा प्रबंधन में मिलेगी मदद

मृदुल पत्रिका

श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने गुरुवार देर रात 2:55 बजे ईओएस-05 इमेजिंग उपग्रह को जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट से सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया। ईओएस-05 करीब 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई पर जियोसिंक्रोनस कक्षा में रहकर बड़े इलाकों की तस्वीरें लेगा। इस कक्षा में उपग्रह पृथ्वी की गति के अनुरूप रहता है, जिससे भारत और आसपास के क्षेत्रों की लगातार निगरानी संभव होगी।

सीमा और आपदा निगरानी में उपयोग

उपग्रह से पाकिस्तान और चीन की सीमाओं सहित संवेदनशील इलाकों की निगरानी में मदद मिलेगी। इसके अलावा बाढ़, चक्रवात, भारी बारिश और जंगल की आग जैसी प्राकृतिक आपदाओं पर नजर रखने तथा समय रहते चेतावनी देने में इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। ईओएस-05 में दो मल्टीस्पेक्ट्रल इमेजर लगे हैं, जो अलग-अलग प्रकाश तरंगों में धरती की तस्वीरें ले सकेंगे। इससे जमीन, जल, वनस्पति और पर्यावरण में बदलाव की जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी।

ट्रांसफर कक्षा में पहुंचा उपग्रह

प्रक्षेपण के करीब 18 मिनट बाद ईओएस-05 को सब-जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर कक्षा में पहुंचाया गया। इसके बाद इसे करीब 36 हजार किलोमीटर की अंतिम कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

पहले छात्रसंघ की राजनीति, अब कदम नगर निगम की तरफ रूख

इन आठ वार्ड में सीधा,14 में त्रिकोणीय, 14 वार्डों में चतुष्कोणीय मुकाबला

बीकानेर (खबर आस पास)। नगर निगम चुनाव में नाम वापसी के बाद लगभग यह तय हो गया है कि अब किन वार्डों में कौन सा प्रत्याशी सामने है। बागियों की मान मनुहार के बाद भी केवल 74 प्रत्याशियों ने अपने पर्चे उठाएं है। जिसके बाद 273 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इनमें ऐसे कई उम्मीदवार है जो पहले छात्र संघ की राजनीति कर चुके है और अब नगर निगम की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। सबसे ज्याद प्रत्याशी वार्ड नंबर 2 में है।जहां पार्टियों के अधिकृत प्रत्याशियों के अलावा 13 निर्दलिय चुनाव मैदान में है। इसके अलावा कई युवा ऐसे है जो पहले छात्र संघ की राजनीति कर अब नगर निगम की तरफ अपना अगला कदम उठा रहे है। आठ वार्डों में सीधा मुकाबला होगा। वहीं 14 वार्डों में त्रिकोणीय मुकाबला होना तय हो गया है।इसी तरह 18 वार्डों में चतुष्कोणीय संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। तो 17 वार्डों में पांच प्रत्याशी दमखम दिखाने का आतुर है। इसी तरह आठ वार्डों में 6 उम्मीदवार,सात वार्डों में 7 प्रत्याशी,चार वार्डों में 8 प्रत्याशी तथा एक वार्ड में आठ व एक वार्ड में पन्द्रह प्रत्याशी अपना भाग्य अजमा रहे है।

दो प्रत्याशियों वाले वार्ड 12, 20, 30, 35, 37, 58, 67, 68

तीन प्रत्याशियों वाले वार्ड 4, 9, 15, 38, 42, 45, 46, 47, 56, 59, 61, 65, 66, 70

चार प्रत्याशियों वाले वार्ड 14, 17, 18, 24, 27, 28, 31, 44, 48, 54, 57, 63, 72, 74, 75, 76, 78, 79

पांच प्रत्याशियों वाले वार्ड 1, 7, 11, 13, 16, 19, 21, 22, 23, 26, 29, 32, 49, 50, 51, 60, 77

छह प्रत्याशियों वाले वार्ड , 5, 33, 34, 36, 39, 40, 53, 55

सात प्रत्याशियों वाले वार्ड 6, 25, 41, 52, 64, 71, 73

आठ प्रत्याशियों वाले वार्ड 10,43,62,80

नौ प्रत्याशियों वाला वार्ड :8

सबसे ज्यादा 15 और वार्ड नंबर 2

कई छात्र नेताओं ने भी ताल ठोकी

नगर निगम चुनाव में कई छात्रनेताओं ने भी ताल ठोकी है। छात्रसंघ की राजनीति से सियासी सफर शुरू करने वाले पूर्व छात्रनेताओं ने अब नगर निगम की तरफ कदम बढ़ाए हैं। राज्य में जेएम लिंगदोह समिति की सिफारिश के अनुसार कॉलेज और विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव होते रहे हैं। इन्हीं संस्थानों में कई युवाओं ने छात्रसंघ अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, महासचिव और संयुक्त सचिव पद पर चुनाव लड़कर जीत हासिल की है। कई युवाओं ने अब भाजपा-कांग्रेस से टिकट लेकर कदम आगे बढ़ाया है।वार्ड 2 से निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी पारीक एमएस कॉलेज की महासचिव रह चुकी हैं। तो इसी वार्ड से शिवशंकर बिस्सा रामपुरिया कॉलेज के छात्र संघ अध्यक्ष रह चुके हैं। हालांकि वे पिछली बार पार्षद भी रह चुके है। इसी तरह वार्ड 8 से भाजपा प्रत्याशी डॉ भगवान सिंह मेडतिया भी छात्र राजनीति में अहम भूमिका निभा चुके हैं। तो वार्ड 73 से निर्दलीय दिनेश उपाध्याय भी छात्र संघ अध्यक्ष,वार्ड 80 से रमजान कच्छावा छात्र संघ महासचिव रह चुके हैं।

उद्योग संघ में मतदान जागरूकता अभियान, स्लोगन की पट्टियों से दिया लोकतंत्र में भागीदारी का संदेश

बीकानेर (खबर आस पास)। नगरीय निकाय चुनावों में मतदान को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बीकानेर जिला उद्योग संघ में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्योग संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित स्लोगन लिखी पट्टियां लेकर आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बीकानेर जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पच्चीसिया ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व को बताते हुए प्रत्येक पात्र मतदाता से अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने का आह्वान किया। स्लोगन के माध्यम से 'मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, लोकतंत्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है' जैसे संदेश दिए गए। पच्चीसिया ने बताया कि लोकतंत्र में उद्यमियों की भूमिका केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि वे अपने यहां कार्यरत कामगारों और कर्मचारियों को भी मतदान के लिए प्रेरित कर महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सही प्रत्याशी का चयन शहर के विकास से सीधे जुड़ा है और बेहतर शहरी विकास का सकारात्मक प्रभाव व्यापार एवं उद्योग पर भी पड़ता है। उन्होंने उद्यमियों से जाति, धर्म, व्यक्तिगत पसंद अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना योग्य एवं सही प्रत्याशी का चयन करने की अपील की।

कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना तथा लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा । इस अवसर पर विजय चांडक, मनीष सिपाणी, विनोद जोशी, गुरदीप शर्मा, ओमप्रकाश सोनगरा, योगेश भार्गव, ईश्वरचंद दुग्गड़, राजेन्द्र सिंह राठौड़, टोडरमल चौपड़ा, सुरेन्द्र रावत, बाबूलाल कांकरिया, रामेश्वरलाल छींपा, जगदीश प्रसाद डागा , कन्हैयालाल बोथरा, अशोक सुराणा, नरेश मित्तल, श्यामसुन्दर सोनी, वीरेंद्र किराडू, विमल चोरडिया, अशोक गहलोत, निर्मल पारख, भंवरलाल चांडक, राजीव शर्मा, परताराम चौधरी, ऋषिराज रामावत, योगेन्द्र मारू, शिवशंकर व्यास, दिव्यम दरगड़, निखिल रामावत, युवराज रामावर, कपिश तिवाड़ी आदि उपस्थित हुए।

सिंचाई पानी की मांग पर हाईवे जाम :10 नामजद समेत 60-70 किसानों पर केस दर्ज

लूणकरणसर (खबर आस पास)। सिंचाई पानी की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग-62 जाम करने वाले किसानों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने 1 सितंबर को कॉमरेड लालचंद भादू समेत 10 नामजद और 60-70 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, किसान 31 अगस्त से आईजीएनपी सिंचाई विभाग के एक्सईएन कार्यालय के सामने धरना दे रहे थे। मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे धरना दे रहे किसान उत्तेजित हो गए। वे लालचंद भादू के नेतृत्व में एनएच-62 पर पहुंच गए और सडक़ पर जाम लगा दिया। किसानों ने एक सफेद डस्टर गाड़ी पर स्पीकर लगाकर रास्ता रोका। पुलिस, सीओ और तहसीलदार ने किसानों को समझाने की कोशिश की। लेकिन किसान सिंचाई पानी की मांग पर अड़े रहे और सडक़ पर डटे रहे। पुलिस के मुताबिक, करीब तीन घंटे तक हाईवे बंद रहा। इससे आने-जाने वाले वाहन चालकों और आम लोगों को परेशानी हुई। शाम करीब 7:30 बजे सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया, जिसके बाद रास्ता खुलवाया गया। पुलिस ने लालचंद भादू, रामप्रताप पटीर, जुगलदास, भूराराम सहारण, जगदीश ज्याणी, तोलाराम गोदारा, धर्मवीर गोदारा, विनोद गोदारा धीरेरा, रघुवीर सिगांठीया और महेंद्र दुगेसर सहित 60-70 अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 और 189(2) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

बीकानेर में स्वाइन फ्लू की दस्तक, तीन संदिग्ध मरीज भर्ती एक युवक की हालत गंभीर

बीकानेर (खबर आस पास)। प्रदेश में स्वाइन फ्लू के दस्तक देने के बाद गुरुवार को पीबीएम अस्पताल में तीन संदिग्ध मरीजों को भर्ती किया कया गया है, जिसमें से एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।पीबीएम अस्पताल मेडिसिन आउटडोर में गुरुवार को मरीजों की भारी भीड़ रही। मौसम में बदलाव के साथ ही वायरल बुखार सहित विभिन्न बीमारियों के रोगी पहुंचे। इसी दौरान दो बुजुर्ग और एक युवक की हालता गंभीर होने के कारण उन्हें भर्ती किया गया है। उनके निमोनिया बिगड़ा हुआ है। युवक शॉक की हालत में पहुंचा है। स्वाइन फ्लू का संदेह होने पर उनकी जांचें कराई जा रही हैं। मेडिसिन एचओडी एवं मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि ओपीडी में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। हालांकि स्वाइन फ्लू का कोई मरीज अब तक रिपोर्ट नहीं हुआ है। निमोनिया, इनफ्लूएंजा के केस आ रहे हैं। एहतियात के तौर पर सभी की जांचें कराई जा रही है।

बच्चों में उल्टी-दस्त का प्रकोप

मौसम में बदलाव के साथ ही बच्चों में उल्टी-दस्त का प्रकोप बढ़ गया है। पीडिया एचओडी डॉ. जीएस तंवर ने बताया कि ओपीडी 600 तक पहुंच गया है। ग्रामीण क्षेत्र से रेफर होकर आने वाले बच्चों को सीधे ही भर्ती करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण ऐसा हुआ है। भादवा लगने के साथ ही अब मेलों का दौर भी शुरू हो रहा है। इसलिए उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ेगी। इसके साथ ही डेंगू, मलेरिया के केस भी आएंगे

शिकायत दर्ज होते ही ट्रेन स्टाफ तक पहुंचेगी सूचना

बीकानेर (खबर आस पास)। रेल यात्रा के दौरान पानी, सफाई, एसी, बिजली या अन्य सुविधाओं में परेशानी होने पर यात्रियों को अब शिकायत के समाधान के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रेलवे ने रेल मदद ऐप पर दर्ज होने वाली शिकायतों को सीधे संबंधित ट्रेन और कोच में तैनात कर्मचारियों तक पहुंचाने की नई व्यवस्था शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य शिकायतों को कंट्रोल रूम और अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर में उलझने से बचाकर मौके पर ही समस्या का समाधान करना है।

यात्रियों को होती थी परेशानी

यात्रा के दौरान यात्री पानी नहीं मिलने, कोच की सफाई खराब होने, एसी या बिजली में खराबी जैसी समस्याओं को लेकर रेल मदद ऐप पर शिकायत दर्ज करते हैं। अभी तक कई मामलों में शिकायत संबंधित कर्मचारियों तक पहुंचने में समय लग जाता था। इसी देरी के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था और कई बार यात्रा समाप्त होने तक समस्या का समाधान नहीं हो पाता था।अब रेलवे बोर्ड ने इस व्यवस्था में बदलाव के लिए सभी क्षेत्रीय रेलवे को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नई प्रणाली के तहत रेल मदद ऐप पर आने वाली शिकायत की जानकारी सीधे ट्रेन में तैनात संबंधित कर्मचारियों तक पहुंचाई जाएगी। कर्मचारी को सूचना मिलते ही उसे समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करनी होगी।

37 प्रतिशत यात्री सेवा से असंतुष्ट

रेलवे बोर्ड का मानना है कि इससे यात्रियों की शिकायतों का निस्तारण तेज होगा और सेवा की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। पहले शिकायतें मंडल नियंत्रण कार्यालय तक पहुंचती थीं। इसके बाद वहां से संबंधित विभाग या कर्मचारी तक सूचना भेजी जाती थी। इस प्रक्रिया में समय लगने के कारण यात्रियों की नाराजगी भी बढ़ रही थी।इस व्यवस्था की जरूरत कैग की रिपोर्ट में सामने आए आंकड़ों से भी महसूस की गई। रेल मदद ऐप पर यात्रियों से शिकायत के निस्तारण के बाद फीडबैक लिया जाता है। कैग की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022-23 में फीडबैक देने वाले 37 प्रतिशत यात्री सेवा से असंतुष्ट थे। वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा बढ़कर 42 प्रतिशत तक पहुंच गया।कई यात्री शिकायत का समय पर समाधान नहीं होने पर एक्स और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी रेलवे के प्रति नाराजगी जताते रहे हैं। रेलवे अब ऐसी शिकायतों को कम करने और यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए तकनीक का सहारा ले रहा है।

कर्मचारियों का विवरण अपडेट करने के निर्देश

नई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए रेलवे बोर्ड ने सभी क्षेत्रीय रेलवे को डिजिटल सिस्टम में ट्रेन के हर फेरे में तैनात कर्मचारियों का विवरण अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। इसमें ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस कर्मी, लिनेन वितरण कर्मचारी, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल स्टाफ, टिकट परीक्षक, आरपीएफ कर्मी और आईआरसीटीसी प्रबंधक की जानकारी शामिल होगी।रेलवे का लक्ष्य है कि रेल मदद ऐप पर शिकायत दर्ज होते ही सही कर्मचारी तक तुरंत सूचना पहुंचे और यात्री की परेशानी का समाधान यात्रा के दौरान ही किया जा सके।

जोरबीड कंजर्वेशन रिजर्व में 5 सितंबर को मनाया जाएगा इंटरनेशनल वल्चर अवेयरनेस डे-2026

बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)। वन्यजीव विभाग द्वारा गिद्धों एवं अन्य पक्षियों के संरक्षण के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 5 सितंबर को जोरबीड कंजर्वेशन रिजर्व में इंटरनेशनल वल्चर अवेयरनेस डे-2026 का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम का उद्देश्य पारिस्थितिकी तंत्र में गिद्धों की महत्वपूर्ण भूमिका, उनकी घटती संख्या, संरक्षण की आवश्यकता तथा जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन में उनके योगदान के प्रति आमजन को जागरूक करना है।

उप वन संरक्षक वन्यजीव तरुण मेहरा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा गिद्धों सहित विभिन्न पक्षी प्रजातियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। विशेषज्ञ पक्षियों की पहचान, व्यवहार, आवास, पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिका तथा संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालेंगे।

इस अवसर पर बर्ड वॉचिंग, विशेषज्ञ व्याख्यान, पक्षी एवं गिद्धों से संबंधित क्विज तथा गिद्धों के छायाचित्रों की प्रदर्शनी जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रतिभागियों को जोरबीड कंजर्वेशन रिजर्व में पाए जाने वाले विभिन्न पक्षियों एवं गिद्ध प्रजातियों को उनके प्राकृतिक आवास में देखने तथा उनके बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

उप वन संरक्षक वन्यजीव तरुण मेहरा ने बताया कि गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण घटक हैं और प्रकृति के सफाईकर्मी के रूप में मृत जीवों के अवशेषों को नष्ट कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गिद्धों की संख्या में कमी पारिस्थितिक संतुलन के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि गिद्धों सहित सभी वन्यजीव एवं पक्षी प्रजातियों के संरक्षण के लिए आमजन की सहभागिता आवश्यक है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से विशेष रूप से विद्यार्थियों और युवाओं को प्रकृति एवं वन्यजीव संरक्षण से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 'सेफ स्काइज , सेफ़ फ्यूचर- सेव वल्चर्स , सेव इकोसिस्टम्स ' के संदेश के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में आमजन, पक्षी प्रेमियों, विद्यार्थियों, प्रकृति प्रेमियों एवं संबंधित हितधारकों से अधिकाधिक सहभागिता का आह्वान किया गया है।

एसीबी कार्रवाई के बाद देशनोक पहुंचे बिशनाराम सियाग, मूंधड़ा के घर लगाया डरो मत का पोस्टर

देशनोक (खबर आस पास)। देशनोक नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश मूंधड़ा के खिलाफ एसीबी द्वारा मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद सियासी पारा चढ़ गया है। कांग्रेस ने इस कार्रवाई को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। देहात कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिशनाराम सियाग आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी का डरो मत संदेश लेकर देशनोक में मूंधड़ा के निवास पर पहुँचे। इस दौरान उन्होंने मूंधड़ा के घर पर डरो मत संदेश वाला पोस्टर लगाया और उन्हें भरोसा दिलाया कि दबाव और कार्रवाई के इस दौर में कांग्रेस उनके साथ मजबूती से खड़ी है। सियाग ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि एसीबी की कार्रवाई के जरिए मूंधड़ा को डराने और राजनीतिक दबाव में लेने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता किसी भी सरकारी दबाव से डरने वाले नहीं हैं और अन्याय के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का संदेश साफ है डरो मत। कांग्रेस इसी संदेश के साथ कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ खड़ी है। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि सरकारी एजेंसियों का डर दिखाकर कांग्रेस की आवाज को दबाया नहीं जा सकता।

कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मेघवाल व देहात अध्यक्ष सियाग पर पार्टी सिंबल चोरी का केस

बीकानेर (खबर आस पास)। सदर थाना पुलिस ने कांग्रेस से उम्मीदवारी कर रहे मोहित अरोड़ा के पिता दीपक अरोड़ा की रिपोर्ट पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल, देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग व वार्ड प्रत्याशी नवरत्न डागा के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और फर्जी दस्तावेज तैयार कर उपयोग करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह को सौंपी है।पुलिस के अनुसार रामपुरा बस्ती निवासी दीपक अरोड़ा ने रिपोर्ट दी कि उनका पुत्र मोहित अरोड़ा नगर निगम के वार्ड संख्या 50 से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिकृत प्रत्याशी था। उन्होंने बताया कि पार्टी के निर्देश पर उनके पुत्र ने नामांकन दाखिल किया और चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया था। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि 30 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय द्वारा बीकानेर नगर निगम के सभी अधिकृत प्रत्याशियों की सूची एवं चुनाव चिन्ह तैयार कर प्रभारी बलकरण सिंह के माध्यम से जिला अध्यक्ष मदन गोपाल और बिशनाराम को सौंपे गए थे। इस सूची में वार्ड-50 से मोहित अरोड़ा का नाम तथा उनके पक्ष में जारी चुनाव चिन्ह भी शामिल था।

परिवादी का आरोप है कि 31 अगस्त को पूर्व जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने उक्त सूची और चुनाव चिन्ह देखकर उन्हें इसकी जानकारी दी थी। इसके बावजूद कांग्रेस जिला अध्यक्ष मदन गोपाल और देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कथित रूप से मोहित अरोड़ा के नाम पर जारी अधिकृत चुनाव चिन्ह को हटाकर नवरतन डागा के नाम से फर्जी चुनाव चिन्ह तैयार कराया और उसे असली बताकर प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

सेवानिवृत्त आईपीएस एवं जिला कांग्रेस कमेटी बीकानेर शहर अध्यक्ष के समर्थन में सर्व समाज की एकजुट, मांगा न्याय

बीकानेर (खबर आस पास)। सर्व समाज की ओर से सेवानिवृत्त आईपीएस एवं जिला कांग्रेस कमेटी बीकानेर शहर अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल के ऊपर हाल ही में हुए जानलेवा हमले के प्रकरण में पुलिस अधीक्षक, बीकानेर को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर अंबेडकर सर्किल से जिला कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवा एवं वरिष्ठ गणमान्य नागरिक शामिल हुए। ज्ञापन के माध्यम से पुलिस प्रशासन से मांग की गई कि उक्त प्रकरण में शामिल आरोपियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच करते हुए कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित पक्ष को न्याय एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। सर्व समाज ने एकजुट होकर स्पष्ट संदेश दिया कि अन्याय और अपराध के विरुद्ध समाज शांत नहीं बैठेगा।

राजकीय उच्च माध्यमिक सैनिक विद्यालय जयमलसर को एक सेनेटरी पैड वेंडिंग एवं डिस्पोजल मशीन भेंट

नोखा (खबर आस पास)। महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र द्वारा महिला एवं बाल कल्याण प्रोजेक्ट के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक सैनिक विद्यालय जयमलसर (बीकानेर) को सर्वोत्तम पाइप इंडस्ट्रीज, नोखा के सौजन्य से प्राप्त एक सेनेटरी पैड वेंडिंग एवं डिस्पोजल मशीन भेंट की गई। केंद्र सचिव बाबूलाल कांकरिया ने बताया कि जिला उद्योग संघ बीकानेर कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में यह मशीन स्वाति शर्मा (आईएएस) ओएसडी जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय बीकानेर तथा मंजू नैण महाप्रबंधक, उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र बीकानेर की उपस्थिति में सैनिक स्कूल प्रधानाचार्य कीर्ति शेखावत को केंद्र चेयरमैन सुरेंद्रकुमार हीरावत,जोन चेयरमैन टोडरमल चोपड़ा एवं सर्वोत्तम पाइप इंडस्ट्रीज के निदेशक जगदीश डागा द्वारा भेंट की गई। महावीर इंटरनेशनल पदाधिकारियों द्वारा इनको स्मृति चिन्ह व मासिक पत्रिका 'महावीर प्रवाह' भेंट कर स्वागत किया गया। 'उद्यमी मतदाता संवाद' एवं स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओएसडी स्वाति शर्मा ने 9 व 11 सितंबर को होने वाले निकाय चुनाव में अधिकतम मतदान करने का आह्वान किया। महाप्रबंधक मंजू नैण ने निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा घोषित शपथ दिलाई तथा मतदाताओं को जागरूक करने का आह्वान किया। सैनिक स्कूल प्रधानाचार्य कीर्ति शेखावत ने महावीर इंटरनेशनल का इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बीकानेर उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पच्चीसिया,जैन महासभा बीकानेर के अध्यक्ष कन्हैयालाल बोथरा, महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, ईश्वरचंद दूगड़, चंद्रकुमार राखेचा, प्रकाश मंत्री,रामेश्वर लाल छींपा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।